प्रादेशिक समाचार
31.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है ईद, सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम में दिखी झारखंड की कला संस्कृति की झलक, कल निकलेगी शोभायात्रा।
2. केन्द्रीय राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ की पहल, अगले महीने से रांची के लोगों को मिलेगी निःशुल्क फैटी लीवर जांच की सुविधा।
3. नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता, पश्चिमी सिंहभूम जिले में नक्सली डंप ध्वस्त।
4. सीबीआई धनबाद की टीम ने ईसीएल खुदिया कोलियरी के चार कर्मियों को पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते किया गिरफ्तार।
5. प्रथम एशियन पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन, हीरो एशिया कप हॉकी का इस वर्ष बिहार के राजगीर में होगा आयोजन।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज ईद–उल–फितर का त्यौहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राज्यभर के ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने आज सवेरे ईद की नमाज अदा कर राज्य की खुशहाली और अमन चैन की दुआ मांगी। साथ ही एक–दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को ईद की मुबारकबाद दी है।

*******************

इधर पारंपरिक विधि विधान के साथ आज से प्रकृति पर्व सरहुल की शुरूआत हो गयी है। राज्य भर में सरहुल का उल्लास देखते ही बन रहा है। राजधानी रांची में कड़ी सुरक्षा के बीच कल सरहुल की शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में विभिन्न सरना समिति के लोग शामिल होंगे। शोभायात्रा को देखते हुए रांची की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसके तहत कल सवेरे छह बजे से रात्रि बारह बजे तक भारी वाहनों का राजधानी में प्रवेश बंद रहेगा।

इस बीच सरना नवयुवक संघ केन्द्रीय समिति की ओर से आज रांची विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में सरहुल पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड की कला, संस्कृति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। इस दौरान श्री लिंडा ने लोगों से अपनी कला संस्कृति को बचाये रखने की अपील की।

*******************

हजारीबाग जिला प्रशासन पर्व त्यौहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर पूरी तरह सजग है। पूरे शहर की निगरानी ड्रोन कैमरे से की जा रही है। जिले के पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि रामनवमी के जुलूस निकलने वाले मार्ग पर सभी घरों की छत्तों की तलाशी ड्रोन से ली जा रही है। उन्होंने बताया कि पत्थर और ईंट जमा कर रखनेवाले मकान मालिकों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

*******************

रक्षा राज्यमंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि रांची में अगले महीने से फैटी लीवर की निःशुल्क स्क्रीनिंग की जाएगी। श्री सेठ ने आज रांची में प्रेसवार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के स्वस्थ भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में फैटी लिवर मुक्त रांची अभियान शुरू किया जा रहा है। श्री सेठ ने बताया कि इस अभियान के जरिये रांची लोकसभा क्षेत्र पूरे देश के लिए एक मॉडल बनेगा। उन्होंने बताया कि प्रसिद्ध लीवर रोग विशेषज्ञ डॉ0 एस0 के0 सरीन ने रांची वासियों के लिए निःशुल्क फैटी लीवर की स्क्रीनिंग को लेकर सहमति दे दी है। श्री सेठ ने बताया कि आईएलबीएस और सदर अस्पताल की ओर से संयुक्त रूप से स्क्रीनिंग किया जाएगा। इसके तहत अठारह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के सभी व्यस्कों की स्क्रीनिंग की योजना है।

भाजपा के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे ने राज्य सरकार को तुष्टिकरण की राजनीति से बचने की सलाह दी है। श्री पांडे ने बोकारो में संवाददताओं से बातचीत में कहा कि सरकार को सर्वधर्म समभाव के रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों जिस प्रकार से हजारीबाग और गिरिडीह की घटना हुई है वह पूरी तरह से खुफिया विभाग की नाकामी है।

*******************

मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए प्रमुख वैश्विक ई–मार्केटप्लेस, वेव्स बाज़ार आगामी 1 से 4 मई को मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में होने वाले अपने उद्‌घाटन संस्करण में गहरा प्रभाव डालने के लिए तैयार है। वेव्स के एक प्रमुख घटक के रूप में, यह बाज़ार फ़िल्म, टीवी और एवीजीसी क्षेत्रों के उद्योग के अग्रणियों को एक साथ लाएगा। यह सहयोग, सामग्री प्रदर्शन और व्यवसाय विस्तार के लिए अद्वितीय अवसर प्रदान करेगा।

*******************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सुरक्षा बलों को एक और सफलता मिली है। पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोंटो थाना क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आज एक नक्सली डंप को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि सर्च अभियान के दौरान आज दिरीबुरु के पास नक्सली डंप बरामद हुआ, जिनमें एलएमजी के मैगजीन और अन्य विस्फोटक सामग्रियां बरामद की गई, जिसे जंगल में ही नष्ट कर दिया गया।

*******************

सीबीआई धनबाद की टीम ने आज ईसीएल खुदिया कोलियरी के लिपिक अरविंद कुमार राय, शीतल बाउरी, शंकर चौहान और अजय कुमार मंडल को पन्द्रह हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी एक सेवानिवृत होनेवाले एक कर्मी से पीएफ और पेंशन के दस्तावेज बनाने के लिए रिश्वत ले रहे थे।

*******************

कंबोडिया में आयोजित प्रथम एशियन पैरा थ्रो बॉल चैंपियनशिप में भारत ने श्रीलंका को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। छब्बीस से तीस मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में भारत सहित आठ देशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। बीस सदस्यीय भारतीय दल में झारखंड के बारह खिलाड़ी शामिल थे। भारतीय दल आज रात चेन्नई पहुंचेगी, जहां से झारखंड के खिलाड़ी रांची के लिए रवाना होंगे।

*******************

इस वर्ष हीरो एशिया कप हॉकी का आयोजन बिहार के राजगीर में होगा। यह टूर्नामेंट आगामी उनतीस अगस्त से सात सितम्बर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। हॉकी इंडिया ने इसे लेकर  आज बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस मौके पर हॉकी इंडिया के जेनरल सेक्रेटरी भोलानाथ सिंह आकाशवाणी से खास बातचीत में कहा कि इतने बड़े टूर्नामेंट का आयोजन बिहार में होना गर्व की बात है।

*******समाप्त********